## खबर संक्षेप

### बैतूल में जनजाति मोर्चा की बैठक सम्पन्न, बजट के पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी तथा छिंदवाड़ा नगर निगम के महापौर विक्रम अहके जी सोमवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर बैतूल भाजपा कार्यालय में जनजाति मोर्चा की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में शामिल योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे जनजातीय परिवारों तक पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से पहुँचे, यह सुनिश्चित करना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने जनजाति समाज के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे शासकीय योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाएं तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में बैतूल भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री दीपक उइके, जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बैतूल सीताराम चाड़ोकर सहित बड़ी संख्या में जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने वी.एम.सी. का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें एवं उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी विद्यार्थियों के लिए समर्पित हैं और उनके विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

## खुद संभाली कमान, अनियमितताओं का अंबार, पट्टाधारी को कारण बताओ नोटिस जारी

# खनिज विभाग की लापरवाही पर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा






जिले में खनिज उत्खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों और खनिज विभाग की निष्क्रियता के बीच अब कलेक्टर ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। ग्राम शहपुरा में संचालित पत्थर उत्खनन पट्टे में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने पट्टाधारी श्री नितिन ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 30 दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

कलेक्टर की इस कार्रवाई को खनिज विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचार पर सीधी चोट माना जा रहा है। जिले भर में अवैध और अनियमित खनिज उत्खनन को लेकर कई शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई न होने के कारण हालात बेकाबू होते जा रहे थे। इसी के चलते कलेक्टर को स्वयं हस्तक्षेप कर कार्रवाई शुरू करनी पड़ी।

कलेक्टर ने बताया कि तहसील छिन्दवाड़ा के ग्राम शहपुरा स्थित खसरा क्रमांक 73, रकबा 3.900 हेक्टेयर क्षेत्र में वर्ष 2017 से 2027 तक के लिए स्वीकृत खनिज पत्थर उत्खनन पट्टा संचालित है। 18 फरवरी 2026 को सहायक खनि अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण और ई-खनिज पोर्टल के अवलोकन में कई गंभीर खामियां सा म ने आईं।निरीक्षण में पाया गया कि पट्टा क्षेत्र में सीमाचिन्ह क्षतिग्रस्त हैं और खदान स्थल का सूचक बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। पर्यावरण संरक्षण के नाम पर वृक्षारोपण पूरी तरह नदारद मिला। इसके अलावा पट्टा क्षेत्र में फेसिंग वॉल भी नहीं पाई गई, जो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों और पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों का खुला उल्लंघन है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि क्रेशर प्लांट क्षेत्र में लगभग 11,848 घनमीटर खनिज गिट्टी का भंडारण पाया गया, लेकिन इसके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। उत्खनित गड्ढा अनियमित आकार का मिला, औसत लंबाई 480 मीटर, चौड़ाई 38 मीटर और गहराई 5 मीटर पाई गई। उत्खनन कार्य बंद होने के बावजूद उससे संबंधित कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया।ई-खनिज पोर्टल की जांच में यह भी सामने आया कि लंबे-लंबे अंतराल में न तो उत्पादन दर्ज किया गया और न ही प्रेषण, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है।कलेक्टर ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अब खनिज उत्खनन में मनमानी और विभागीय उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही सामने आई, तो संबंधित अधिकारियों पर भी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में खनिज माफिया पर शिकंजा कसने और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर का यह रुख आने वाले दिनों में और बड़ी कार्रवाई का संकेत माना जा रहा है।

# अवैध होर्डिंगों से उजागर हुई नगर निगम की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




शहर में जगह-जगह लगे अवैध होर्डिंग एक बार फिर छिंदवाड़ा नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर सड़कों, चौराहों और सरकारी परिसरों के आसपास लगाए गए होर्डिंग न केवल शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे हैं, बल्कि हादसों को भी न्योता दे रहे हैं।

नगर निगम द्वारा समय-समय पर अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। कई होर्डिंग बिना अनुमति के लंबे समय से लगे हुए हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तेज हवाओं और बारिश के मौसम में ये होर्डिंग कभी भी गिर सकते हैं, जिससे जान-माल का नुकसान हो सकता है। इसके बावजूद नगर निगम की उदासीनता चिंता का विषय बनी हुई है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या नगर निगम केवल कागज़ों में ही कार्रवाई कर रहा है, या वास्तव में अवैध होर्डिंगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। शहरवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस गंभीर समस्या पर ध्यान देगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई करेगा।

### 123 हितग्राहियों ने पूर्ण किए ऋण दस्तावेज

**छिंदवाड़ा।** पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत कलेक्टर महोदय द्वारा 18 फरवरी को जिला स्तरीय बैंक समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में यह पाया गया कि सेंट्रल बैंक द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। इस पर कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण ने लीड बैंक मैनेजर श्री अजय दुआ को निर्देशित किया कि नगर निगम से समन्वय स्थापित कर विशेष शिविर आयोजित किया जाए, ताकि हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उक्त निर्देश के परिपालन में निगम आयुक्त श्री सी. पी. राय के मार्गदर्शन में सोमवार को नगर निगम के योजना कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेंट्रल बैंक की चार शाखाओं के प्रबंधक एवं हितग्राही उपस्थित रहे। बैठक के दौरान 123 हितग्राहियों द्वारा ऋण संबंधी आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

# प्रगणक पहुंचेंगे घर - घर, 33 प्रश्नों के देने होंगे जवाब

**जनगणना 2027 : जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में 01 से 30 मई 2026 की अवधि में किया जाएगा। इस संबंध में अधिसूचना 23 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश के राजपत्र में प्रकाशित की जा चुकी है।

जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में तैयारियों को गति देते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हो चुका है। जिसका औपचारिक शुभारम्भ कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री नारायन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन नगर निगम छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में किया जा रहा है, जिसमें भारत सरकार द्वारा जिले के लिये नियुक्त राष्ट्रीय ट्रेनर एवं संयुक्त निदेशक जनगणना श्री रामावतार पटेल द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दो चरणों में संपन्न होगी जनगणना 2027 - जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा जो 01–30 मई 2026 तक चलेगा। प्रथम चरण के कार्य से द्वितीय चरण की जनगणना के लिये आधार तैयार होगा, इसलिए प्रथम चरण के सफल संचालन के लिये जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया।

### बीसापुर कलां में नवीन आंगनवाड़ी केंद्र का भव्य लोकार्पण

**सौंसर।** ग्राम बीसापुर कलां में सोमवार को विकास और शिक्षा की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ गया। ग्राम में नवीन आंगनवाड़ी केंद्र-3 का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह नया केंद्र न केवल बच्चों के स्वास्थ्य, बल्कि उनके प्रारंभिक कौशल विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा।लोकार्पण के अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ थे, आयोजन को संबोधित करते हुए श्री मोहड ने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के नन्हे-मुन्नों के बेहतर पोषण, शुरुआती शिक्षा और सर्वांगीण विकास का मुख्य आधार बनेगा। अब गाँव के बच्चों को खेल-खेल में सीखने और स्वस्थ रहने के लिए एक आधुनिक और सुरक्षित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे उनके भविष्य की नींव मजबूत होगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सदन साहू, लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कडवे,गगन घटकड़े, सरपंच वेदप्रकाश सिसोदिया, विपिन कराडे, संजय बागडे, जंगल सिंह धुर्वे, प्रदीप रतने, राधेश्याम पटेल,सुनील उईके,सागर साहू, कार्तिक पहेरिया,रघुवीर अमरते आदि उपस्थित थे।

### इंटेक वेल के समीप जल स्तर बढ़ाने जेसीबी से खुदाई पानी को लेकर सक्रिय हुए नपा उपाध्यक्ष



**परासिया :-** न्यूटन पेंच नदी में स्तिथ इंटेक वेल के समीप जल स्तर बढ़ाने जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई। पर्याप्त और साफ पानी लोगों को मिल सके, इसके लिए नगर पालिका परासिया के उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर सक्रिय हो गए हैं। वे जलप्रदाय की टीम को लेकर सोमवार को पेंच नदी पहुंचे। उन्होंने बताया, कि इंटेक वेल के आसपास जल स्तर कम होने और आसपास गंदगी होने के चलते नदी का जल स्तर न के बराबर हो गया है। जिससे गर्मियों में जल संकट गहराने की आशंका के चलते जेसीबी मशीन से गड्ढे करवाये गए।

### चारगांव में एनएसएस का विशेष शिविर का शुभारंभ

**छिंदवाड़ा।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 22 से 28 फरवरी तक गोद ग्राम चारगांव पंचायत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो श्रीमती स्मृति हाबिल के निर्देशन में एनएसएस के जिला संगठक प्रो रविंद्र नाफड़े के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर की थीम मेरे भारत के लिए युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा है शिविर के शुभारंभ अवसर पर चार गांव ग्राम के सरपंच, उपसरपंच डा राजकुमार चौरिया माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक श्री महेश माहोरे शिक्षक श्रीमती नीतू चौरियाश्रीमती मंजू गौतम राधेश्याम रघुवंशी की उपस्थिति में हुआ। शिविर के अंतर्गत प्रति दिन सात दिनो तक शिविर दिनचर्या के अनुसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण,साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। आज के बौद्धिक चर्चा के अंतर्गत प्रधान पाठक श्री माहोरे ने राष्ट्रीय सेवा योजना का युवाओं के व्यक्तित्व विकास में योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के स्वयं सेवक अश्विन वानखेडे, चचंलेश वर्मा,अखलेश प्रजापति, अतुल मसराम,अमन वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 19 से 26 मार्च तक आयोजित होगा 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ

**छिन्दवाड़ा।** रामेश्वर धाम सिहोरामाल में पहली बार होने जा रहे इस 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। रामेश्वरम धाम में 19 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को छिंदवाड़ा शहर में सांसद बंटी विवेक साहू की प्रमुख उपस्थिति में विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में सांसद बंटी विवेक साहू ने जहां समस्त सामाजिक बंधुओं का उन्हें हर दम सहयोग दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया वही 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में भी पूर्ण सहयोग की अपील की है। छिंदवाड़ा शहर में गायत्री परिवार, पंजाब सेवा समिति, सेन समाज, गुजराती समाज, रजक मालवी समाज, चौरसिया समाज, पंजाबी समाज, तिरोले कुनबी समाज, लोनारे कुनबी समाज, ब्रम्ह समाज की बैठकों का आयोजन किया गया।

# हैंडपम्प टेकनीशियनों ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**न्यूटन / परासिया :-** सोमवार को पी एच ई विभाग के इंजीनियर राजवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में उपखण्ड अंतर्गत कार्यरत हैंडपम्प टेकनीशियनों ने न्यूटन पुलिस चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और ग्राम पंचायत डूंगरिया में हैंडपम्प सुधारने के दौरान टेक्निशियन लाल सिंग ठाकुर पर हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी। ज्ञापन तकनीशियन देवराज जागने, बालकराम सागर, टी आर डेहरिया, प्रदीप पहाड़े, दीवान वाडिवा और कैलाश कुमरे के द्वारा दिया गया।गौरतलब है कि पी एच ई विभाग खिरसाडोह में हैंडपंप तकनीशियन के पद पर पदस्थ दिघावानी निवासी लाल सिंग ठाकुर इंजीनियर गिरीश वस्त्राणे के आदेश पर ग्राम पंचायत डूंगरिया (तीतरा) में हैंडपम्प सुधारने अपनी प्राइवेट टीम के साथ गया था। हैंडपम्प सुधारने के दौरान गांव का ही अजय चौधरी आया और अतिरिक्त 3 पाइप और डालने का दबाव बनाने लगा। उसे समझाया गया, कि हैंडपम्प की गहराई 25 फिट है और एक पाइप डाल दिया गया है, अतिरिक्त पाइप डालने की न जगह है और न ही आवश्यकता है। पर वह नहीं माना और जिद करने लगा। जब तकनीशियन ने पुलिस को बुलाने के लिए अपना मोबाइल निकाला तो आरोपी ने मोबाइल जमीन पर पटक दिया जिससे मोबाइल टूट गया, फिर आरोपी ने हैंडपम्प सुधारने में उपयोग होने वाला लिफ्टर उठाकर सिर पर मारने का प्रयास किया, लेकिन पीड़ित के द्वारा हाथ से रोकने के दौरान उसके दोनों हाथों में चोट आई थी। शिकायत पर पुलिस ने घटना वाले दिन ही आरोपी अजय चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस ) की धारा 296(**b**), 132, 121(1), 324(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया था।



### नगर में की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा।** नगर पालिक निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। खजरी रोड स्थित आदिवासी संग्रहालय के पास संचालित सब्जी एवं फल बाजार से अतिक्रमण हटाया गया।

इसके अतिरिक्त पी.जी. कॉलेज एवं एस.पी. कार्यालय जाने वाले मार्ग पर लगने वाली जूस एवं गुपचुप की दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो रहा था। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों को समझाइश भी दी गई। उक्त कार्रवाई के पश्चात दो सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें संतुष्टि पूर्वक बंद कराया गया।

# अवैध उत्खननः 50 बोरी कोयला जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही, कोयला माफियाओं में हड़कंप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव क्षेत्र के पालाचौरई - अंबाडा में बंद पड़ी WCL (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) खदानों में अवैध रूप से कोयला उत्खनन की सूचना पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं WCL प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से सख्त कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लगभग 50 बोरी अवैध कोयला एवं एक मोटर साइकिल जब्त किया गया।

मौके से एक आरोपी भी पकड़ में आया।कोयला तस्कर फैजाब हसन अंसारी पिता अली हसन अंसारी उम्र 30 साल निवासी धाऊ मोहल्ला अंबाडा थाना जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा को पकड़ा गया, मामले की जांच की जा रही है।इस संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार जुन्नारदेव मोहित बोरकर, चौकी प्रभारी अंबाडा उपनिरीक्षक संजय सोनवानी, पटवारी विजय कुमार धुर्वे, WCL के हेड सिक्योरिटी गार्ड गणेश खातरकर, सतीश डेहरिया, गुरु प्रसाद एवं अन्य स्टाफ उपस्थित शामिल रहा।

अधिकारियों के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से एकत्रित कोयला जब्त किया गया। मौके पर पकड़े गए आरोपी वार्ड 4 धाऊ अंबाड़ा निवासी 30 वर्षीय फैजाब के खिलाफ बी एन एस की धारा 170 के तहत कार्यवाही कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

#### चेतावनी और अपील

अंबाड़ा चौकी प्रभारी संजय सोनवानी ने चेतावनी दी है, कि चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी अवैध रूप से कोयला उत्खनन, परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। उन्होंने जन साधारण से भी अपील की है, कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध काम होने की जानकारी या भनक लगने पर पुलिस को सूचना दें एवं बंद कोयला खदानों के आसपास न जावे और लोगों को भी जाने से मना करें।

#### प्रबंधन करें मुहाने बंद

देखने में आया है, कि इस मामले में पिछले दिनों प्रशासन का दबाव बढ़ने पर वेकोलि प्रबंधन के द्वारा कुछ क्षेत्रों में खदान के मुहाने बंद किए गए, लेकिन उन्हें फिर खोल लिया गया है। इस मामले में प्रबंधन को स्थाई रूप से मजबूती के साथ मुहानो को बंद करना चाहिए, ताकि उसे दुबारा खोला न जा सके।

**राजस्व की हो रही हानि, रेत से अवैध कमाई कर रेतमाफिया हो रहे मालामाल**

# भाजपा मंडल के अधिकारियों को पत्र लिखने के बाद भी जारी रेत चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तमिया में रेत की चोरी लंबे अर्शे से होती चली आ रही है जिससे शासन प्रशासन की बदनामी के साथ-साथ राजस्व की हानि भी हो रही थी और रेत चोर पर्यावरण को भी हानि पहुंचा कर रेत से अवैध कमाई कर मालामाल हो रहे है।

लाख शिकायतों के बाद भी रेत चोरी पर कार्रवाई करना तो छोड़ कार्रवाई करने वाले अधिकारी उपस्थिति दर्ज करने की स्थिति में भी नहीं है, जिसका कारण रेत चोरों से मिलने वाली मंथली बतलाई जाती है।

इसलिए रेत की चोरी को लेकर भाजपा मंडल ने तामियां टी आई को ओवरलोड रेत के वाहनों. पर कार्रवाई करने पत्र लिखा था। इस पत्र पर टीआई ने रेत के वाहनों की धर पकड़ के लिए कार्रवाई की थी। लेकिन रेत चोर जिनका नेटवर्क तगड़ा है वह टीआई की कार्रवाई से पहले ही भूमिगत हो गए। जिसका असर भी देखने मिला वहीं भाजपा मंडल ने तामिया तहसीलदार के द्वारा कलेक्टर को रेत चोरी पर कार्रवाई ना करने के आरोप लगाते हुए नायब तहसीलदार के निलंबन की कार्रवाई के लिये पत्र प्रेषित किया था, लेकिन बाबजूद इसके राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा कोई सक्रियता नहीं दिखाई? जिसका नतीजा यह हुआ कि बीती रात रेत के ट्रैक्टर ट्रक रेत लेकर निकले, वहीं किसी अफवाह के चलते कुछ ट्रैक्टर वालों ने सड़क पर रेत छोड़ भाग निकले।

इस तरह भाजपा मंडल द्वारा पत्र लिखे जाने के बाद भी रेत की चोरी पकड़ने वाले संबंधित अधिकारी द्वारा रेत ना पकड़े जाना सवालिया निशान तो खड़े करता है कि जब सत्ता पक्ष के पार्टी पदाधिकारी ही कार्यवाही के लिए पत्र लिखें और उस पर कार्रवाई नहीं होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# प्रशासन की मनमानी के खिलाफ किसानों का हल्लाबोल

# जमीन के बदले जमीन दो, वरना बांध का काम बंद करो

**हरिभूमि छब्बी लाल कमलेशिया (लखनादौन)। विकास के नाम पर विनाश की आहट देख अब सिवनी जिले के किसान आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं।**



लखनादौन तहसील के अंतर्गत ग्राम पिंडरई और भरगा के किसानों ने भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया में हो रही धांधली को लेकर एसडीएम (भू-अर्जन अधिकारी) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों का आरोप है कि भू-अधिनियम 2013 की धज्जियां उड़ाते हुए प्रशासन बिना सहमति और बिना सही सर्वे के उनकी जमीनों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। प्रमुख मुद्दे-जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं किसानों द्वारा सौंपी गई लिखित आपत्ति में कई चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं।

अवैध निर्माण का आरोप-नियमतः भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने और सहमति मिलने के बाद ही काम शुरू हो सकता है, लेकिन यहाँ ठेकेदार ने कब्जा मिलने से पहले ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, जिसे ग्रामीण अवैध बता रहे हैं।

### अंधेरे में ग्राम सभा

न तोसामाजिक समाघात निर्धारण (एसआईए) की रिपोर्ट ग्राम सभा को दी गई और न ही विशेषज्ञ समूह में स्थानीय प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। यह सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है।

### बंद कमरों में सर्वे

पटवारियों द्वारा किए गए सर्वे (मकान, कुआं, पेड़) को किसानों ने सिरे से खारिज कर दिया है। आरोप है कि यह सर्वे किसानों की अनुपस्थिति में और मेज पर बैठकर किया गया है, जो वास्तविकता से कोसों दूर है।

रास्ते का संकट: बांध बनने के बाद पिंडरई से पिपरिया नेशनल हाईवे और हिनोतिया-सुरई जैसे मुख्य मार्गों के डूबने की आशंका है, लेकिन प्रशासन के पास आवागमन के लिए पुल या वैकल्पिक रास्तों का कोई स्पष्ट नक्शा नहीं है।

### आर-पार की जंग मुआवजा 6 गुना हो या बांध निरस्त हो

18 फरवरी को हुई महापंचायत में किसानों ने सामूहिक निर्णय लिया है कि जिन किसानों की पूरी जमीन डूब क्षेत्र में आ रही है, उन्हें जमीन के बदले जमीन दी जाए। वर्तमान बाजार मूल्य का 6 गुना मुआवजा और पुनर्वास पैकेज सुनिश्चित किया जाए। जब तक ग्राम सभा की आपत्तियों का निराकरण नहीं होता, निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। चेतावनीः प्रशासन हमारी चुप्पी को कमजोरी न समझे। यदि हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं और निर्माण कार्य नहीं रोका गया, तो समस्त प्रभावित किसान सामूहिक रूप से भूख हड़ताल (अनशन) पर बैठने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी।

## खबर संक्षेप

### आराध्य चतुर्वेदी ने जे.ई.ई. मेन्स मे अर्जित किए 99.87 परसेन्टाइल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्थानीय डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल ड्रीमलैण्ड सिटी के छात्र आराध्य चतुर्वेदी ने जे.ई.ई. मेन्स 2026 के प्रथम चरण में 99.87 पर्सेन्टाइल अर्जित कर जिले एवं स्कूल को गौरवान्वित किया है। ज्ञातव्य हो कि आराध्य विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर चुके है। आपने कक्षा 12वीं (गणित संकाय) में 95.2 प्रतिशत अर्जित कर जिले में प्रथम एवं प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। आप डी पी सी ग्रुप के चेयरमेन डॉ. के. के. चतुर्वेदी एवं प्राचार्य डॉ अमिता चतुर्वेदी के ज्येष्ठ पुत्र हैं। आपकी इस सफलता पर सभी इष्ट मित्रों सहित प्राध्यापक / शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

### धतुरिया में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 5 मार्च से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धतुरिया (सिवनी)। ग्राम धतुरिया स्थित अभिमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, रूद्रधाम में 5 मार्च से 12 मार्च 2026 तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। विशेष महोत्सव के रूप में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा प्रवचन होंगे।

कथा वाचन सतीश कृष्ण शास्त्री जी महाराज (ऋषिकेश) के मुखारविंद से होगा। आयोजन में 5 मार्च को कलश यात्रा एवं गणेश पूजन के साथ शुभारंभ होगा। सप्ताह भर विभिन्न प्रसंगों जैसे सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन लीला, उद्धव-गोपी संवाद, रुक्मिणी विवाह एवं सुदामा चरित्र आदि का श्रवण कराया जाएगा। 12 मार्च को हवन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। प्रातः 7 से 12 बजे तक श्रीमद्भागवत संस्कृत पारायण भी किया जाएगा। आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### अतिशयकारी विघ्नहर्ता भगवान श्री चंद्र प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मोक्ष कल्याणक महोत्सव, अतिशयकारी विघ्नहर्ता भगवान श्री चंद्र प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें सुबह अभिषेक पूजन शांति धारा संपन्न हुई , जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज के सभी नवयुवक ,,मातृशक्ति ,,और समाज के सभी वरिष्ठजान ने अभिषेक पूजन कर लाडू चढ़ा कर पुण्य अर्जित किया।

### अग्रसेन भवन के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का पाटोत्सव आज

**सिवनीः** जबलपुर रोड़ लूघरवाड़ा स्थित अग्रसेन भवन परिसर में स्थापित मंदिर में प्रतिष्ठित भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का तृतीय पाटोत्सव 24 फरवरी मंगलवार को उत्साहपूर्वक अग्रवाल समाज द्वारा मनाया जाएगा। अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर के तृतीय पाटोत्सव पर दोपहर 2 बजे से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे, जो देर शाम तक जारी रहेंगे। अग्रसेन भवन लूघरवाड़ा के मंदिर में प्रतिष्ठित श्री लक्ष्मी नारायण का अभिषेक, विशेष श्रृंगार, पूजन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। इस दौरान भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। 3 बजे से भगवान सत्यनारायण की कथा होगी।

## केवलारी पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को गंभीर मामलो मे त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त आदेश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री दीपक मिश्रा एवं धीमान एसडीओपी केवलारी शशाशीष भराडे के मार्गदर्शन में प्रकरणों में लगातार पुलिस थाना केवलारी द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। थाना केवलारी में दिनांक 22/02/2026 को प्रार्थी गोविन्द प्रसाद दुबे पिता स्व. झनकलाल दुबे उम्र 53 वर्ष निवासी सुनेहरा चौकी छींदा थाना केवलारी ने रिपोर्ट लेख कराया कि गुलाब झारिया पिता लक्ष्मण झारिया उम्र 47 वर्ष निवासी सुनेहरा चौकी छिंदा थाना केवलारी ने बिजली का कनेक्शन मृतक निलेश उर्फ भोलाराम पिता डीलन झारिया उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सुनेहरा थाना केवलारी के द्वारा न हटाने के कारण मारपीट कर हत्या कर दी हैं कि रिपोर्ट पर अप.क्र. 51/2026 धारा 103(1), 238 (ए) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी को प्रकरण पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया। **गिरफ्तार आरोपी** - गुलाब झारिया पिता लक्ष्मण झारिया उम्र 47 वर्ष नि निवासी सुनेहरा चौकी छिंदा थाना केवलारी। **सराहनीय कार्य** - थाना प्रभारी केवलारी निरीक्षक प्रीतमसिंह तिलगाम, उनि. प्रमोद भारद्वाज (चौकी प्रभारी छींदा), प्रजार 445 राजाबाबू शर्मा, आर. 515 गुलाब सिंह कुमरे, आर. 725 दीपक अमूले, आर. 134 अमित रघुवंशी का विशेष योगदान रहा हैं।

## वन अमले ने तेंदुआ का सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से सकाटा के नए जंगल क्षेत्र में छोड़ा

**पेंच राष्ट्रीय उद्यान के वन परिक्षेत्र खवासा (बफर) अंतर्गत वन ग्राम आमाझिरी में पिछले कई दिनों से तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

तेंदुआ रात्रि के समय बस्ती के समीप पहुंचकर बकरियों, कुत्तों और बछड़ों जैसे छोटे पालतू पशुओं को अपना शिकार बना रहा था, जिससे ग्रामीणों की आजीविका पर भी असर पड़ रहा था।

ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार रात्रि में तेंदुए ने 7 बकरियों को मार डाला। इससे पहले भी लगभग 17-18 पालतू मवेशियों को शिकार बना चुका था। लगातार हो रही घटनाओं से बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई थी।

इको विकास समिति एवं ग्रामवासियों ने संयुक्त रूप से वन विभाग को लिखित शिकायत सौंपते हुए क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने, पिंजरा लगाकर रेस्क्यू टीम की तैनाती करने तथा प्रभावित पशुपालकों को नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे पिंजरा लगाया। करीब 7 बजे तेंदुआ पिंजरे में फंस गया, जिसके बाद वन अमले ने उसका सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से सकाटा के नए जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी सुमित रेंगे ने बताया कि तेंदुआ अब तक गांव में एक दर्जन से अधिक पालतू मवेशियों का शिकार कर चुका था। विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्कता और सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

### बैनगंगा नदी में ना हो जहरीली खेती जिला प्रशासन से क्षेत्रीय जनों की अपील

## सिंचाई विभाग मूकदर्शक बना कभी कार्यवाही नहीं होने से कब्जाधारियों के हौंसले बुलंद

**कुछ वर्षों से नदी का जलस्तर कम होते ही अवैध रूप से नदी में की जाती हैं खेती**



छपारा - ःनगर के समीप से होकर गुजरने वाली पतित पावन बैनगंगा नदी जो क्षेत्रीय जनों के लिए जीवनदायिनी है जिसमें बीते कुछ वर्षों से नदी का जलस्तर कम होते ही कुछ लोग अवैध रूप से नदी में ही खेती कर रहे हैं,साथ ही बड़ी मात्रा में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर फसलों को पैदा किया जा रहा है। जिससे बैनगंगा नदी का पानी मानव जीवन सहित अनेक जलीय जीव जंतु के लिए हानि कारक हो जाता है, कीटनाशक दवाओं के प्रभाव में आकर अनेकों जीव जंतुओं का जीवन भी नष्ट हो जाता है। साथ ही उक्त नदी का जल नगर सहित आधे जिले में पीने के लिए सप्लाई होता है, जिसका प्रभाव यह है कि छपारा नगर में वर्ष भर सर्वाधिक टायफाइड से पीड़ित मरीज देखने में आते है।

किंतु अत्यधिक अनाज उत्पादन की होड में इन सभी बातों को दरकिनार कर बेधड़क बड़े पैमाने पर नदी के बीचों बीच खेती कई वर्षों से की जा रही है। जिस पर रोक लगाने में स्थानीय प्रशासन नाकाम रहा हैं। हाल के दिनों में सिंचाई हेतु तेजी से भीमगढ जलाशय से पानी छोड़ा जा रहा है जिससे नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है।वही अवैध रूप से खेती करने वाले किसान इस खाली भूमि पर नजर गढ़ाए हुए हैं और आगामी कुछ ही दिनों बाद फसल बोने के लिए तैयारी में बैठे हुए हैं जिसे लेकर नगर के गणमान्य नागरिक से लेकर जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर से अपील की है कि बैनगंगा नदी में अवैध रूप से खेती को रोक लगाई जाए जिससे नदी क्षेत्र पर किए जाने वाली विषैली खेती कार्य पर अंकुश लगाई जाए। साथ ही नदी में होने वाली खेती पर रोक लगेगी तो इसके गहरी करण हेतु कार्यवाही भी की जा सकती हैं।

### राम कथा के प्रवाह मे मन्त्र मुग्ध हुऐ श्रोता

सिवनी। भगवान श्री कृष्ण मन्दिर प्रांगण धारनाकला मे भगवान राम की अमरित मयी कथा का श्रवण शक्ति स्वरूपा माता बहनो एवं भक्तो के द्वारा बडी श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है और अपार संख्या मे भगवान राम की कथा के श्रवण के लिये भक्त जन कथा पंडाल मे अपनी उपस्थिति दे रहे है

कथा व्यास बाल व्यास प. गीत किशोर दुबे जी द्वारा षष्ठम दिवस की कथा मे भगवान राम के वनवास के सम्बध्द मे बताया की राजा दशरथ की आज्ञा से भगवान राम का राज तिलक होना था किन्तु भगवान राम का जन्म ही लोक कल्याण तथा देवताओ के हित के लिया हुआ था माता सरस्वती ने मंथरा के वाणी मे प्रवेश किया तथा मंथरा के कहने पर ही माता केक ई के मन के विचार बदले तथा राजा दशरथ के द्वारा दिये गये बरदान के रूप मे माता केक ई ने राजा दशरथ से भगवान राम की शपथ दिलाते हुऐ भरत को राज सिहासन तथा दूसरे वर के रूप मे तापस वेश के रूप मे चौदह वर्ष का वनवास मागा जिसे भगवान राम ने माता केक ई को जननी सुता की उपाधि इस लिये दी क्योकि भगवान राम को वनवासी राम की उपाधि माता केक ई से ही मिली अन्त मे बाल व्यास से कथा मे नारी का महत्व भी बडे विस्तार से समझाते कहा की एक ई धर्म एक वृत नेमा काय वचन मन पति पद प्रेमा अर्थात नारी का सबसे बडा धर्म पति की सेवा तथा साक्षात रूप मे ईश्वर के रूप मे मानना ही नारी धर्म है और यह सीख हमे रामायण से मिलती है जहा माता सीता ने सारा वैभव और ऐश्वर्य छोडकर भगवान राम के साथ चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार करते हुऐ तापस वेश मे भगवान के साथ चल पडी अन्त मे बाल व्यास ने केवट चरित्र का बखान कर श्रोताओ को आत्म विभोर कर दिया साथ कलयुग मे जीवन का सार का महत्व सविस्तार समझाया।

## लखनवाड़ा थाना क्षेत्र मे आये डीजल चोर, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालगंज में डीजल चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने पेट्रोल पम्प परिसर में खड़े कोयला से भरे ट्रक से करीब 150 लीटर डीजल चोरी कर लिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक एमएच 40 सीएम 9672 को चालक शहीद खान ने रात में गोपालगंज स्थित पेट्रोल पम्प पर खड़ा किया था और घर चला गया। सुबह लगभग 5 बजे जब वह वाहन के पास पहुंचा तो डीजल टैंक का ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि टैंक में भरा लगभग 150 लीटर डीजल अज्ञात चोर साफ कर ले गए। पेट्रोल पम्प में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर सुबह करीब 4 बजे एक लग्जरी कार से आए कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रक के डीजल टैंक का ताला तोडक़र डीजल चोरी करते हुए देखा गया। चोरी की वारदात सुनियोजित और पेशेवर अंदाज में अंजाम दी गई प्रतीत होती है। गौरतलब है कि नागपुर रोड पर ट्रकों के ठहराव के लिए ले-वे (पार्किंग) की व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन रात्रि के समय वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से ऐसे वाहन असुरक्षित हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में डीजल चोरी की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं।




पीड़ित वाहन मालिक द्वारा लखनवाड़ा थाना में शिकायत दर्ज करा दी गई है। अब देखना यह है कि बेखौफ डीजल चोरों पर पुलिस कब तक शिकंजा कस पाती है या फिर इस तरह की घटनाएं यूं ही जारी रहेंगी।

क्षेत्रवासियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## न्यायालय परिसर लखनादौन में आपदा प्रबंधन एवं सर्प जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

लखनादौन। न्यायालय परिसर लखनादौन में आपदा प्रबंधन एवं सर्प जागरूकता विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश ललित कुमार झा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त अधिवक्तागण एवं न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार पालीवाल, न्यायाधीश सुश्री अपूर्वा ताम्रकार, श्रीमती स्वेता परते तिवारी, सुश्री नगीना मराबी, सुश्री रिषु भगत एवं श्रीमती निरंजना मालवीय की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह ने सर्पों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए



बताया कि सर्प प्रकृति के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और वे किसान के मित्र हैं, क्योंकि वे खेतों में चूहों एवं हानिकारक जीवों को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि सर्प दिखने पर घबराएं नहीं, बल्कि वन विभाग को सूचित करें। कार्यशाला में वन रक्षक धाकड़ द्वारा सर्प पकडऩे के उपकरणों का प्रदर्शन किया गया तथा रेस्क्यू की विधि का जीवंत प्रदर्शन कर सभी को जागरूक किया गया। उपस्थित अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया।

कार्यक्रम में मुकेश यादव, फज़ील अहमद कुरैशी, हरीश जैन, सुदर्शन गोल्हानी, विनय नेमा एवं लखन डहरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह कार्यशाला सर्पों के प्रति भ्रांतियों को दूर करने और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुई।

### कंट्रोल रूम में संपन्न हुआ दो दिवसीय का डीएफएमडी-एचएचएमडी प्रशिक्षण कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश अनुसार और पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता सर के आदेश अनुसार जिले में अधिक से अधिक पुलिस बल को दक्ष करने के उद्देश्य से डीएफएमडी और एचएमडी का प्रशिक्षण दिनांक 21 और 22 फरवरी 2026 को दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य वीआईपी मुमेंट ,त्योहार और लॉ एंड ऑर्डर को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा को चुस्त और पाबंद करने के उद्देश्य से कराया गया है। प्रशिक्षण में कुल111 अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया । उपरोक्त प्रशिक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा सर के मार्गदर्शन में और रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू की उपस्थिति में संपन्न हुआ संपूर्ण प्रशिक्षण छिंदवाड़ा से आए हुए प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक प्रवीण सोनी आरक्षक आशीष राजपूत आरक्षक अतुल राजपूत द्वारा दिलवाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सूबेदार जितेंद्र रावतकर, सहायक उप निरीक्षक शक्ति सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक राजू कहिके, आरक्षक गौस मोहम्मद खान, विकास रघुवंशी और उनकी टीम उपस्थित रही ।

## आत्महत्या एक गंभीर समस्या है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहीं है- प्रकाश सरवैया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छात्र कल्याण हेतु पहल के तत्वाधान में आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चेतावनी संकेतों की पहचान पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ.ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण में एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनीता भट्ट के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश सरवैया द्वारा अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि आत्महत्या एक गंभीर समस्या है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहीं है ।यह एक ऐसी समस्या है, जिसे रोकने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। यदि तनाव बहुत अधिक है, तो महाविद्यालय में गठित परामर्शदाता समिति से संपर्क कर अपना समाधान प्राप्त करें। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित प्रो. नरेंद्र कुमार भीमटे द्वारा छात्राओं को बताया गया कि स्वयं को अवसाद में डालने से अच्छा है, अपने समय प्रबंधन का ध्यान रखते हुए समय को व्यवस्थित करें और एक नियमित टाइम टेबल के अनुसार अपना अध्ययन जारी रखें ।ध्यान और योग का अभ्यास करें ताकि आप तनाव को कम कर सकें। सकारात्मक सोच रखें और अपने आप को लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रेरित करें। अपने मित्रों या परिवार के साथ समय बितायें और अपने तनाव को साझा करें । प्रो. पंकज शेण्डें ने छात्राओं को आत्महत्या जो वर्तमान समय में अवसाद,चिंता और मानसिक तनाव का परिणाम है ।उसके विषय में छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि व्यक्तिगत समस्याएं जैसे कि संबंधों में समस्याएं, वित्तीय समस्याएं या सामाजिक समस्याएं,स्वास्थ्य समस्याएं जो एक दर्दनाक परिस्थितियां बन चुकी है। जो आज के युवा को आत्महत्या के लिए मजबूर करने लगी हैं। उन्होंने अपने जीवन को खतरे में डालने वाले व्यवहारों को दूर करने के लिए छात्राओं को एनटीएफ समिति से अपना समाधान प्राप्त करने,अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने, साथ ही आत्महत्या रोकथाम हेतु जरूरत पडऩे पर हेल्पलाइन का उपयोग करने की भी सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राशिद खान द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. हेमराज नागवंशी द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम में प्रो. रामदीन भलावी, डॉक्टर डिंपल दरिया श्रीमती चेतना डहेरिया, डॉ सुषमा तिवारी, डॉ.अर्पणा अवस्थी,डॉ.समिता शर्मा, सुश्री आयशा सिद्दीका, शैलेंद्र बघेल एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्राओं ने भी पूर्ण सहयोग किया एवं कार्यक्रम के माध्यम से अवसाद को दूर करने ,स्वयं का मनोबल बढ़ाने एवं अपने जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने का लाभ प्राप्त किया।

### हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता, नगर भर में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

## राधा-कृष्ण विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर नगर में भव्य शोभायात्रा

**श्री द्वारकाधीश मंदिर में आयोजित राधा-कृष्ण मूर्ति विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के सिद्ध शिवपीठ मठ मंदिर से धार्मिक विधि-विधान एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शोभायात्रा के पूर्व द्वारिका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर अग्निपीठ रामकृष्णानंद जी, दंडी स्वामी द्वय दामोदरानंद तीर्थ एवं राघवानंद तीर्थ, ब्रह्मचारी सुबोधानंद जी तथा कथा व्यास गीता मनीषी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में मठ मंदिर में भगवान शिव का पूजन किया गया। इसके पश्चात आवश्यक दिशानिर्देशों के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित होने हेतु प्रांगण में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने जयघोष किया। पूजन कार्य मठ मंदिर महाकाल समिति द्वारा संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह सहित धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के अनेक प्रमुखजन उपस्थित



रहे। शोभायात्रा में धर्मध्वजाओं से वातावरण भगवामय हो गया। एक हजार से अधिक महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण किए जाने से शोभायात्रा की भव्यता और भी अलौकिक हो उठी। शोभायात्रा में घंटा-घड़ियाल, घोड़े, व्यायामशाला दल, महाकाल समिति की शिव-पार्वती की सुंदर झांकी तथा राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां रथों पर सजाई गईं। पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर अग्निपीठ रामकृष्णानंद जी, दंडी स्वामी द्वय दामोदरानंद तीर्थ एवं राघवानंद तीर्थ, ब्रह्मचारी सुबोधानंद जी तथा कथा व्यास निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज रथों पर विराजमान रहे। गगनभेदी नारों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। ध्वनि विस्तारक यंत्रों, बाजे-गाजे, भजनों एवं स्थानीय परंपरागत



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने शोभायात्रा की गरिमा को और बढ़ाया। महाकाल समिति द्वारा मठ मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा का स्वागत-अभिनंदन कर उसे रवाना किया गया। यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों में भारी उत्साह देखा गया। आयोजन को भव्यता प्रदान करने हेतु प्राण-प्रतिष्ठा समिति के पदाधिकारी, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह, आलोक दुबे, संजय भारद्वाज, प्रदीप राय, दद्दुआ पटेल, रज्जू सनोडिया, बसंत बघेल, संजय बघेल, गुड्डू सनोडिया, घनश्याम सनोडिया द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके पश्चात मठ स्कूल के सामने कलार समाज द्वारा प्रदीप राय के साथ स्वागत किया गया। वहीं पार्षद राजेश राजू यादव ने भी स्वागत किया।

